उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 09.11.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 09.11.2025 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड द्वारा थाना कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेख, बैरक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं लम्बित मामलों की स्थिति की समीक्षा की।

क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को महिला अपराधों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने, प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सभी अभिलेखों के सही रख-रखाव एवं समयानुसार अद्यतन किये जाने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, अपराध निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह सहित थाना हाजा में नियुक्त सभी पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यों की समीक्षा की गयी है, इसी दौरान बीट बुक का अवलोकन कर बीट बुक में सूचनाओं को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

निर्देशित किया गया कि थानाक्षेत्र में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु निरंतर भ्रमणशील रहें, प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर पैनी नजर रखें, तथा पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर थाना कुलपहाड़ के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

साइबर अपराध के विरुद्ध महोबा पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, साइबर थाना ने पीड़ितों की धनराशि करायी वापस...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों की आर्थिक सहायता हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आवेदक रविकांत निवासी ग्राम रिवई सुनैचा, महोबा द्वारा ऑनलाइन शिकायत NCRP पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी, जिसमें उनके साथ धोखाधड़ी की घटना घटित हुई थी। साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा तत्परता से जांच एवं कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की ₹22,400/- (बाइस हजार चार सौ रुपये) की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस करायी गयी।

इसी प्रकार आवेदक दिनेश राजपूत निवासी बिलबई चुंगी, महोबा द्वारा ऑफलाइन शिकायत प्रस्तुत की गयी थी। जांचोपरांत साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उनकी ₹9,500/- (नौ हजार पाँच सौ रुपये) की धनराशि वापस करायी गयी।

दोनों शिकायतकर्ताओं ने अपनी सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक महोबा सहित साइबर क्राइम थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा स्वयं थाने पर उपस्थित होकर धन्यवाद पत्र प्रदान किया।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्र0 नि0 आशीष कुमार भदौरिया
2. का0 मनीष सिंह 3.का0 अखिलेश कुमार

महोबा पुलिस का संदेश:- साइबर अपराध से बचाव हेतु सावधानी ही सुरक्षा है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें या 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 09.11.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

"विधिक सेवा दिवस पर महोबा पुलिस प्रशासन द्वारा जन-जन तक पहुँचाया गया न्यायिक जागरूकता का संदेश"

आज दिनांक 09 नवम्बर 2025 को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता रैलियाँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन, छात्र-छात्राओं तथा महिलाओं में विधिक सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान करना रहा।

तहसील, ब्लॉक जैतपुर एवं जनतंत्र इंटर कॉलेज जैतपुर में आयोजित रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जय प्रकाश अनुरागी, तहसीलदार कुलपहाड़ श्री प्रमित सचान, प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, बीडीओ जैतपुर श्री संतराम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय जैतपुर की शिक्षिकाएं व छात्राएँ, तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका, निःशुल्क कानूनी सहायता एवं नागरिक अधिकारों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पनवाड़ी द्वारा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से ब्लॉक पनवाड़ी तक एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जो ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी सहित स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

तहसील चरखारी में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार के नेतृत्व में निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं एवं न्याय प्राप्ति के वैधानिक उपायों के बारे में अवगत कराया गया।

इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय और विधिक अधिकारों की जानकारी पहुँचाना है, जिससे कोई भी नागरिक अपने अधिकारों से वंचित न रहे।